

## खबर संक्षेप

### जब्त अवैध धान कृषि उपज मंडी पत्थलगांव के सुपुर्द



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन के नेतृत्व में अतिरिक्त तहसीलदार भीष्म पटेल, खाद्य निरीक्षक अजय प्रधान, मंडी उपनिरीक्षक जगदीश सोनी द्वारा ग्राम सुखरापारा में निरीक्षण एवं कार्यवाही के दौरान जगदीश अग्रवाल के प्रतिष्ठान से 178 बोरी धान, मां महामाया ट्रेडिंग प्रो. रमेश अग्रवाल के यहां से 50 बोरी धान एवं 14 बोरी चावल जब्त किया गया। जब्त सामग्री कृषि उपज मंडी पत्थलगांव के सुपुर्द कर दिया गया है।

### समाजसेवी यादव ने बच्चों को लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने किया प्रेरित



**जशपुरनगर।** माध्यमिक शाला डूमर टोली में आज का दिन बच्चों के लिए खास रहा। अजय मेडिकल के संचालक और समाजसेवी अजय यादव अपने जन्मदिन पर विद्यालय पहुंचे और बच्चों के साथ मिलकर उत्सव मनाया। उन्होंने बच्चों को अध्ययन सामग्री और अन्य उपयोगी उपहार प्रदान किए, ताकि उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बना रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक प्रवीण कुमार पाठक, सत्यदीप प्रसाद, संजीव यादव, किरण महारथी और मंत्री बाई मौजूद रहे। सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर अजय यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। शिक्षकों ने उनसे ऐसे ही कार्यक्रम आगे भी आयोजित करने का आग्रह किया, ताकि ज़रूरतमंद बच्चों को निरंतर सहायता मिलती रहे। ज्ञात हो कि अजय यादव सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहते हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं। कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित भी किया।

### 68 महिलाओं को 74 लाख के मुद्रा लोन की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत विकासखंड कांसाबेल में मुद्रा एवं बैंक क्रेडिट मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 56 महिला स्व-सहायता समूहों को कुल एक करोड़ 20 लाख रुपए की बैंक लिंकेज अंतर्गत ऋण राशि स्वीकृत की गई। साथ ही व्यक्तिगत रूप से 68 महिलाओं को 74 लाख रुपए के मुद्रा लोन की स्वीकृति और 2 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हीरामनी पैंकरा रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जनपद सदस्य पिंकी भगत, रोशनी चौहान, केशव पांडेय और घनश्याम अग्रवाल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एल.डी.एम. वाल्टर भेंगरा, अखिल, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप मरावी, विकासखंड परियोजना प्रबंधक कमलेश श्रीवास, ए.डी.ई.ओ., ए.सी. सहित सभी बैंक प्रबंधक एवं बिहान की 465 महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और बैंक अधिकारियों ने समूहों को वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की।

13 करोड़ 69 लाख की मिली मंजूरी, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

# सीएम साय ने दी जिले को बड़ी सौगात, नालों पर बनेगा पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले को विकास की नई सौगात दी है। उन्होंने जिले के चार अलग-अलग स्थानों पर पुल निर्माण के लिए कुल 13 करोड़ 69 लाख 21 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इन पुलों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन अब और अधिक सुगम हो जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार दुलदुला एल-025 से बनगांव मार्ग में पुल निर्माण के लिए 3 करोड़ 60 लाख 88 हजार की मंजूरी दी गई है।चटकपुर से बकुना मार्ग पर पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 71 लाख 62 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई है। मुड़ाअम्बा मुड़ा नाला पर पुल निर्माण हेतु 2 करोड़ 69 लाख 44 हजार की मंजूरी मिली है। वहीं फरसाबहार क्षेत्र के रायअम्बा से मकरीबंधा कुसुमनाला पर पुल निर्माण के लिए 4 करोड़ 67 लाख 27 हजार स्वीकृत किया गया है। इन पुलों के निर्माण से न केवल ग्रामीणों के दैनिक आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि वर्षा ऋतु के दौरान भी संपर्क मार्ग बाधित नहीं होंगे। इससे स्थानीय व्यापार, शिक्षा, कृषि व स्वास्थ्य सेवाओं में भी व्यापक सुधार की उम्मीद है।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले के विकास कार्यों को नई दिशा मिल रही है। सीएम साय के सुशासन में जशपुर जिले की तस्वीर लगातार बदल रही है।

अधिकारियों ने लगाई फटकार तो फिर किया जा रहा पेच वर्क

# 9 माह में जर्जर हुई नवनिर्मित सड़क

**कोतबा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में व्यापक अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। जहां 9 माह में ही नवनिर्मित सड़क जर्जर हो गई है। ठेकेदार पर घटिया सामग्री और गुणवत्ताविहीन कार्य किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

यह मामला वर्तमान सूबे के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विधानसभा क्षेत्र कोल्हेनझरिया का है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण अधूरा है और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। समाचार प्रकाशन के बाद अधिकारियों ने फटकार लगाई तो ठेकेदार द्वारा अति जर्जर हो चुके स्थानों पर डामरीकरण किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया के सायपुरडीह से बालक माध्यमिक शाला होकर सहलेस पहुंच मार्ग तक निर्माण जिसकी दूरी 3 किलोमीटर है, की लागत लगभग डेढ़ करोड़ बताई जा रही हैं, हुए घटिया सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने आवाज उठाई थी। स्थानीय ग्रामीण रामलाल वैध, दुशासन चौहान, दशरथ राम ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार सुनील अग्रवाल ने चंद माह पूर्व सड़क निर्माण में भारी कोताही बरती थी। परिणामस्वरूप 9 माह में ही गुणवत्ताविहीन ⏭ शेष पेज 4 पर



### कार्य गुणवत्तापूर्ण करने दी गई है हिदायत

संबंधित विभाग और ठेकेदार को कार्य गुणवत्तापूर्ण करने की हिदायत दी गई है। नियमित फील्डवर्क में जाकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद यदि ग्रामीणों में असंतोष है और कार्य गुणवत्तापूर्वक नहीं हो रहा तो दिखवाते हैं।

-ओम कारेश्वर, एसडीएम फरसाबहार

### मापदंडों के अनुरूप हो निर्माण

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों का एकमात्र साधन हैं। जिससे वे स्वास्थ्य, सड़क संपर्कता के साथ उनके आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है और ऐसे महत्वाकांक्षी सरकार की योजनाओं पर भ्रष्टाचार होना और ठेकेदार पर कार्यवाही नहीं होना आश्चर्यजनक है। ग्रामीणों की मांग है कि उक्त सड़क का गुणवत्तापूर्ण मापदंडों के अनुरूप निर्माण हो। जिससे उन्हें इसका समुचित लाभ मिल सके। उनका कहना है कि जिस तरह से कार्य हो रहा है वह भी चंद महीनों में ध्वस्त हो जाएगा।

राज्योत्सव में आयुष विभाग ने लगाई प्रदर्शनी

# स्टाल आयुष चिकित्सा पद्धति से 473 रोगियों का निःशुल्क परीक्षण



**जशपुरनगर।** छ.ग. राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर पूरे प्रदेश में मनाए जा रहे राज्योत्सव के अंतर्गत जशपुर जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी जशपुर के मार्गदर्शन में विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टाल लगाया गया। प्रदर्शनी में आयुष विभाग द्वारा विगत 25 वर्षों में प्राप्त उपलब्धियों, आयुष विभाग की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों, आयुष संस्थाओं में उपलब्ध पंचकर्म सुविधाओं व शुष्क द्रव्यों को प्रदर्शित किया गया। इसके अतिरिक्त रोगियों का आयुष चिकित्सा पद्धति से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें औषधि प्रदान की गई। आयुर्वेद पध्दति से 315, होम्योपैथी पद्धति से 158 कुल 473 रोगियों का उपचार किया गया। आयुष विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से सियान ⏭ शेष पेज 4 पर

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर उद्यानिकी कॉलेज में गाया राष्ट्रगीत

**कोतबा।** नगर के उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोतबा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के 150 वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। जिसका प्रसारण अधिष्ठाता अरविंद कुमार साय के सफल मार्गदर्शन में दिखाया गया एवं वंदेमातरम गीत का गायन कर इस गीत के इतिहास के बारे में बताया गया।

■ गायन कर बताया गया गीत के इतिहास के बारे में

कार्यक्रम में बताया गया कि यह गीत बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने सन् 1882 में उनकी रचना आनंदमठ में प्रकाशित किया था। इस गीत को 24 जनवरी सन् 1950 में राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया। वन्दे मातरम् के महान रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की रचना ने देश को एक नई दिशा दी और हमें अपने देश के प्रति गर्व की भावना से जोड़ा। गीत ने हमारे देश की स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आज भी देशभक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें विभिन्न वर्षों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ अभिलाष मिश्रा, डॉ.मुकेश खरसन, डॉ जय किशन भगत, डॉ. ग्लोरिया स्मिता कोस्पोट्टा सहित अन्य कार्यालयीन कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे। करोड़ों भारतीयों में करेगा नई ऊर्जा का संचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।




# शादी का झांसा देकर युवती से किया अनाचार

**जशपुरनगर।** प्रेम और भरोसे के नाम पर ठगी का एक और शर्मनाक मामला सामने आया है। बगीचा क्षेत्र में एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ कई दिनों तक अनाचार किया और जब युवती गर्भवती हो गई तो शादी से साफ इनकार कर दिया। जशपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला थाना बगीचा क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धर्मजयगढ़ थाना क्षेत्र की 20 वर्षीय युवती अपने रिश्तेदार के यहां 24 मई को बगीचा इलाके के एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने आई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपी वीरेंद्र विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष से हुई। बातचीत बढ़ी और आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। बताया गया कि विवाह समारोह के दौरान करीब सात दिनों तक आरोपी ने शादी का वादा करते हुए युवती का शारीरिक शोषण किया। कुछ महीनों बाद जब युवती गर्भवती हो गई और उसने आरोपी से शादी की बात कही तो उसने मुंह मोड़ लिया। इसके बाद पीड़िता ने धर्मजयगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में पाया गया कि घटना स्थल ⏭ शेष पेज 4 पर



■ गर्भवती होने पर मुकरा आरोपी जशपुर पुलिस ने भेजा जेल

# संगीत के माध्यम से किया पी.टी. का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी मो. रईसुल हसन खान के मार्गदर्शन में बासनताला में लगे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को निर्धारित दिनचर्या के अनुरूप प्रातः आकर्षक संगीत के माध्यम से पी.टी. की गई। प्रातः कालीन नाश्ता के पश्चात प्राथमिक शाला हस्तिनापुर के प्रांगण में लगे झाड़ियों तथा घास की सघन सफाई की गई।

■ बासनताला में लगाया गया है रासेयो शिविर

वर्षा के मौसम में हुए गड्ढों में मिट्टी भरकर समतलीकरण किया गया। बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी के व्याख्याता राजीव लोचन साहू एवं त्रिलोचन यादव शामिल हुए। राजीव लोचन साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं प्रतीक चिन्ह की जानकारी देते हुए कहा कि यह उड़ीसा के सूर्य मंदिर के रथ के पहिए पर आधारित है, जिसमें लाल रंग एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की जीवंतता, सक्रियता, ऊर्जा और उच्च मनोबल को दर्शाता है तथा नीला रंग उस ब्रह्माण्ड का प्रतीक है जो ब्रह्मांड और मानवता की सेवा को दर्शाता है। इसकी आठ पट्टियां दिन के 24 घंटों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो स्वयंसेवकों की 24 घंटे सेवा करने के लिए तत्परता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देता है तथा सामाजिक और विकासात्मक मुद्दों पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता पैदा करता है। नशा मुक्ति पर दी गई प्रस्तुति रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर्षक नृत्य, प्रेरणा गीत एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी ममता टोप्पो एवं रेशमा मिंज के मार्गदर्शन में शिविरार्थियों द्वारा नशामुक्ति पर प्रभावपूर्ण एकांकी की प्रस्तुति की गई। बेहतर कार्यक्रम की प्रस्तुति से प्रभावित होकर सचिव महेन्द्र राम, शिवकुमार कुशवाहा सहित ग्रामीणों द्वारा पुरस्कृत किया गया।



### धान खरीदी की सतर्क मोबाइल ऐप से होगी निगरानी

**जशपुरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी को लेकर आज कलेक्टोरेट के मंत्रणा सभाकक्ष में प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने की। अपर कलेक्टर ने जिले में धान उपार्जन कार्य को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि राज्य शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए सभी उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां समयपूर्व पूर्ण कर ली जाएं। अपर कलेक्टर ने धान उपार्जन में संलग्न नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि खरीदी प्रारंभ होने से पहले माप-तौल यंत्र, बारदाने, किसानों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, बिजली, सीसीटीवी, इंटरनेट एवं परिवहन व्यवस्था आदि पूरी तरह से तैयार रहें।

कनेक्टिविटी होगी आसान, दूरस्थ क्षेत्र भी जुड़ेगें शहरों से


# आवागमन को सुगम बनाने उच्चस्तरीय पुलों का तेजी से हो रहा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में यातायात को सुगम और निर्बाध बनाने के लिए विभिन्न नदियों एवं नालों पर उच्चस्तरीय पुलों और पहुंच मार्गों के निर्माण कार्यों को निरंतर स्वीकृति मिल रही है। इनमें से कई कार्यों का निर्माण आरंभ हो चुका है, जबकि कुछ स्वीकृत कार्य प्रक्रियाधीन हैं।

इन पुलों के निर्माण पूरा हो जाने से लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का न केवल समाधान होगा, बल्कि जिले का सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। सड़कों को विकास की धमनियां कहा जाता है, क्योंकि वे लोगों की आवाजाही को सुगम बनाती है, सड़कों के साथ ही इन पुलों के निर्माण से बिना किसी बाधा के दूरस्थ क्षेत्र भी मुख्य मार्गों एवं शहरों से जुड़ेगें। शासकीय योजनाओं की ⏭ शेष पेज 4 पर





चाय बागान सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का कर रहे अवलोकन

# प्रकृति के बीच एडवेंचर का पर्यटक उठा रहे आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जम्बुरी के दूसरे दिन सुबह सूरज उगने से पहले ही 120 पर्यटकों ने अपना सफर नीमगांव से शुरू किया। जहां प्रतिभागी शांत और मनमोहक पक्षी-दर्शन सत्र में शामिल हुए।

सुनहरी धुंध से ढकी वादियों में पक्षियों की चहचहाहट से एक सुकून भरी शुरुआत हुई। जिसने सभी को जशपुर की शांत और प्राकृतिक लय से जोड़ दिया। नाश्ते के बाद प्रतिभागियों को दिन भर की रोमांचक यात्राओं के लिए दो समूहों में बांटा गया। पहला समूह मयाली जो पवित्र मधेश्वर पर्वत की तलहटी में बसा है व प्राकृतिक रूप से शिवलिंग का सबसे विशाल स्वरूप है, की ओर रवाना हुआ। इस आध्यात्मिक वातावरण में दिन भर का रोमांच और भी खास बन गया। मयाली के नीले पानी में प्रतिभागियों ने कयाकिंग, एक्वा साइक्लिंग, एटीवी राइड्स और जोशीले पेंटबॉल गेम जैसे कई साहसिक खेलों का आनंद लिया। आसमान में उड़ते पैरामोटर और हॉट एयर बलून से मधेश्वर पर्वत और हरे-भरे जंगलों का विहंगम दृश्य सभी को मंत्रमुग्ध कर गया। रोमांच के बाद स्थानीय व्यंजनों से सजे दोपहर के भोजन ने सबके दिन को और भी स्वादिष्ट बना दिया।



### पारंपरिक नृत्य ने मोहा मन

वहीं दूसरा समूह देश देखा में रहा। जहां दिन भर के लिए खुला आसमान और पथरीला भू-भाग रोमांच का नया अध्याय लिख रहा था। प्रतिभागियों ने यहां बोल्डरिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, जुमारिंग और ज़िपलाइनिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया। हर चुनौती के साथ जोश, हौसला और टीम भावना की गूंज चारों ओर सुनाई दे रही थी। दोपहर के भोजन के बाद यह समूह, सारूडीह चाय बगान, रानीदाह और जशपुर संग्रहालय की सैर पर निकला। जहां उन्होंने जशपुर की कला, इतिहास और प्राकृतिक धरोहर को करीब से जाना। शाम होते-होते यह समूह सरना एथनिक रिज़ॉर्ट पहुंचा। जहां रात की एक सुंदर आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम से रौनक बढ़ी। जशपुर की महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने पारंपरिक नृत्य और लोक गीतों से सबका मन मोह लिया। उनके रंगीन परिधान, ताल और ऊर्जा ने जशपुर की असली आत्मा को मंच पर जीवंत कर दिया।

### तारामंडल दर्शन के बाद हुआ समापन

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों समूह फिर से देशदेखा में एकजुट हुए। सितारों से भरे आसमान के नीचे जलती कैम्प फायर की गर्माहट ने सबको एक साथ ला दिया। हंसी-मज़ाक, अनुभवों की बातें और शांत तारामंडल दर्शन ने इस रोमांचक दिन का समापन बेहद खूबसूरती से किया।


Powered by
DCT Real Estate Developers
Bilaspur (c.g.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO 9001- 2015 Certified
FORTUNE
ELEMENTS
Presents
CREDAI BILASPUR
आपने ADDRESS CHANGE कराया क्या?
CREDAI PROPERTY EXPO 2025
7, 8 & 9 NOV 2025
KUNDAN PALACE, SHRIKANT VERMA MARG, BILASPUR
Banking Partner
SBI
आज MISS किया तो कल पछताएंगे
जो CREDAI एक्सपो में आज और कल नहीं आयेंगे
ये हैं विशेष बस 2 दिन शेष
प्रॉपर्टी बुकिंग पर ई-स्कूटर जीतने का मौक़ा
Concept & Design @ AdPRAYAS
एक्सपो विज़िट पर हर घंटे चाँदी का सिक्का जीतने का मौक़ा
Stalls
of Best in Class Building Material Vendors
30+
Housing & Commercial Projects with Best Deals
ई-स्कूटर से लेकर एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित 3 लाख तक के इनाम
Bathcare Partner
Jaquar BATHROOM
PARTICIPATING BRAND
CITYWALK
DRS High Street
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
GK Group
Shree balaji DOORS & PLY
NIRVANA HOMES
SOLITAIRE
Vijaya Heritage
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
FORTUNE Infra
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS
GEETANJALI ERA
OoWah
Swarna Shikhar
USHA VALLEY
SWARNIMA ERA
WallingCo
VRINDAVAN INFRA ESTATES PVT.LTD.
UB WORLD
SARDAR JI
Aashiyana
AVIRAL DEVELOPERS
ARPA GREENS ROYAL
KRISHNA
GWALANI GROUP
KD CONSTRUCTION
FEDERAL BANK
vision vistara
Skyler
ALASKA HOMES
DHEERAA SKYLLA
CLASSIC GROUP
Bajpai Buildcon
360° INFRA SOLUTIONS
INDU
कृष्णा पुरम
Anand Vihar
CHITVAN Farm
DIWANJI
HDFC BANK
Vijay
कुदन पैलेस, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)
78980-32660

## खबर संक्षेप

### गरीबी और बीमारी से जूझ रही कौशल्या ने लगाई मदद की गुहार

**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत पुरानडीह की 30 वर्षीय महिला कौशल्या देवी पति विकास कुमार पिछले चार महीनों से अपने घर नहीं जा रही हैं। मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो चुकी कौशल्या कभी छठ घाट, कभी मंदिर परिसर तो कभी गांधी मैदान में अपना समय बिताती हैं। वह अपनी तीन साल की मासूम बेटी लक्ष्मी के साथ खुले आसमान के नीचे दिन-रात गुजार रही हैं। जानकारी के अनुसार कौशल्या का परिवार अत्यंत गरीब है। पति विकास कुमार पल्लेदारी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि परिवार कौशल्या का इलाज कराने में सक्षम नहीं है। बावजूद इसके विकास रोजाना तीन वक्त का भोजन अपनी पत्नी और बेटी तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। कौशल्या का कहना है कि वह नहीं चाहतीं कि उनके कारण परिवार परेशान हो, इसलिए उन्होंने घर से दूर रहना ही बेहतर समझा। बीमारी के कारण वह मानसिक रूप से काफी टूट चुकी हैं। आस-पास के लोग भी उनकी स्थिति देखकर दुखी हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में कोई मदद नहीं कर पा रहे। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से कौशल्या देवी को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई मांग की है वहीं कौशल्या ने भी प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर इलाज हो जाए तो कौशल्या फिर से सामान्य जीवन जी सकती हैं और अपनी छोटी बच्ची की परवरिश अच्छे से कर पाएंगी।

### सेजेस जयनगर में बच्चों को बांटी निःशुल्क सायकल



**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजेस जयनगर में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई,इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े उपस्थित रहे,कार्यक्रम में देवधन राम बिंझिया,हरीशचंद्र राजवाड़े,मो.इसराईल, शांतनु सिंह चौहान,जाहिद अली, विनोद बिझिंया, नंद कुमारी राजवाड़े, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद तथा विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने विद्यार्थियों को देशभक्ति से ओतप्रोत प्रेरक उद्बोधन दिया,उनके विचारों से विद्यार्थी उत्साहित हुए और एक अच्छे नागरिक बनने का संकल्प लिया,मंत्री प्रतिनिधि द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई,कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया,मंच संचालन श्रीमती अमृता सिंह द्वारा किया गया।

### अमृत ब्रांड ने राज्योत्सव में बढ़ाई स्थानीय उत्पादों की चमक

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह में वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को नई ऊर्जा मिली। जिला पंचायत कोरिया के अंतर्गत बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने कोरिया अमृत ब्रांड के उत्पादों के माध्यम से अपनी व्यवसायिक पहचान को और अधिक मजबूत किया। इस दौरान महिला समूहों के स्टॉलों पर ग्राहकों की उल्लेखनीय भीड़ रही और उत्पादों की अच्छी-खासी बिक्री हुई। राज्योत्सव में कोरिया अमृत मोदक, कोरिया अमृत आचार, मिलेट्स कैफे, गढ़ कलेवा, महिला युग एफपीसी के कृषि उत्पाद, टेराकोटा कला, बांस हस्तशिल्प तथा वंदना मसाला जैसे स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पाद आकर्षण का केन्द्र बने। बिहान महिला समूहों द्वारा लगाए गए कुल छह स्टॉलों पर स्थानीय स्वाद और ग्रामीण हुनर का सुंदर संगम दिखाई दिया। रोशनी महिला समूह (मिलेट्स कैफे) 75 हजार रूपए, प्रगति महिला समूह (कोरिया अमृत आचार) 48 हजार रूपए, ज्योति महिला समूह (कोरिया अमृत मोदक) 35 हजार रूपए, वंदना महिला समूह (वंदना मसाला) 28 हजार रूपए, महिला युग एफपीसी (कृषि उत्पाद) 20 हजार रूपए, कर्मा एफपीसी (कर्मा उत्पाद) 12 हजार रूपए, केवीके किसान समूह (कृषि प्रदर्शन) 5 हजार 600 रूपए, माँ वैष्णव महिला समूह (टेराकोटा) 6 हजार 200 रूपए बांस कला हस्तशिल्प (शिल्प उत्पाद) 2 हजार 690 रूपए इस तरह कुल 2 लाख 32 हजार 490 रूपए की बिक्री हुई।

### वंदे मातरम का सामूहिक गायन कर दिया गया राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश

# पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में गूंजा वंदे मातरम



वंदे मातरम कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण व अन्य।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, विधायक प्रबोध मिंज, राजकुमार टोप्पो, महापौर मंजूषा भगत एवं जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह की उपस्थिति में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारी राष्ट्रभक्ति, मातृभूमि के प्रति समर्पण और एकता का प्रतीक है। जब पूरा समाज एक स्वर में इस गीत को गाता है, तब भारत की आत्मा बोल उठती है। यह आयोजन सरगुजा की राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक गौरव का उत्कृष्ट उदाहरण है। अखिलेश सोनी ने कहा कि भाजपा सदैव राष्ट्रवाद, संस्कृति और समाज की एकता के भाव को सर्वोपरि मानती है। वंदे मातरम् हमारे आत्मसम्मान का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों भारतीयों में देशप्रेम की ज्वाला जगाई थी।

कार्यक्रम में संजय सुरीला ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। अंत में कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प का वाचन किया तथा उपस्थित जनों ने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह, कमलभान सिंह, अम्बिकेश केशरी, हरपाल सिंह भामरा, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अरूणा सिंह, देवनारायण यादव, करताराम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वंदे मातरम का अधिकारी कर्मचारियों ने किया समूह गायन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार 7 जुलाई को भारत सरकार के निर्देश पर बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्र गीत वंदे मातरम का कोयलांचल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर अधिकारी कर्मचारियों ने वंदे मातरम गीत सामूहिक रूप गायन किया,कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रसारित प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया,इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम गीत की रचना स्वतंत्र रूप से की गई थी जो कि पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंग दर्शन में 7 नवंबर 1875 को प्रकाशित हुई थी जिसके आज 150 वर्ष पूरे हो गए हैं,राष्ट्रीय गीत के सम्मान में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,वंदे मातरम का आशय संतान होता है जो अपनी मातृभूमि के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं।हम देश भारत मां को देवी के रूप में पूजते हैं।वंदे मातरम आनंद मठ में गाया जाने वाला गीत है,यह राष्ट्र भक्ति के धर्म का प्रतीक था जो आनंद मठ का मुख्य विषय था।महाप्रबंधक ने उपस्थित जनों को बताया कि इस गीत का देश की आजादी में। बहुत बड़ा योगदान था।कार्यक्रम में महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन एस के पी शिंदे,एरिया सेल्स ऑफिसर जी किशोर सहित क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी इस दौरान उपस्थित थे। डीएवी विद्यालय सहित कार्मेल कांवेंट स्कूल में भी आज राष्ट्र गीत वंदे मातरम का समूह गान बच्चों एवं शिक्षकों ने किया साथ ही प्रधानमंत्री के इस अवसर पर संबोधन का दिल्ली से लाइव प्रसारण बच्चों ने देखा सुना।इस दौरान पीएम द्वारा जारी किए गए स्मारक डाक टिकट एवं सिक्का को भी बच्चों ने देखा और करतल ध्वनि से सम्मान किया।पीएम के दिए संदेश मां भारती के प्रति सम्मान देश प्रेम, एकता और आजादी की रक्षा करने का संकल्प प्राचार्य सिस्टर मर्लिन अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने दोहराया।प्राचार्या सिस्टर मार्लिन ने कहा कि वंदे मातरम न केवल हमारे इतिहास की याद दिलाता है बल्कि हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने देश अपनी संस्कृति और अपने मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें।



## वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पर पीएम श्री स्कूल में कार्यक्रम



**सूरजपुर।** वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पीएम श्री सेजेस नवापारा में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा, जिसे विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साह, उल्लास और गौरव का अनुभव किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सृजनशीलता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकला, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा सहायक संचालक रविन्द्र सिंहदेव, प्राचार्य मनोज कुमार झा और समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् गीत केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में 520 विद्यार्थियों एवं 36 शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### राष्ट्रगीत कई पीढ़ियों को करता है प्रेरितः राजवाड़े



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर में एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम पर आधारित विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष मे वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् रचना को स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं की अनगिनत पीढ़ीओं को प्रेरित करने वाली रचना बताया। उन्होने कहा यह भारत की राष्ट्रीय पहचान और सामूहिक भावना का चिरस्थायी प्रतीक है। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक शब्द नहीं, यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, और एक दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़यों को इस राष्ट्रीय गीत के महत्व और उसके ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराना हम सभी का दायित्व है, ताकि उनमें भी राष्ट्रप्रेम और समर्पण की वही भावना जागृत हो सके। पूर्व गृह मंत्री एवं वन विकास के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने कहा कि वंदे मातरम के महत्व को समझने के लिए, इसके ऐतिहासिक मूल को जानना बहुत ज़रूरी है। यह एक ऐसा मार्ग है, जो साहित्य, राष्ट्रवाद और भारत के स्वाधीनता संग्राम को जोड़ता है। उन्होने कहा कि भारत की आज़ादी के दीवानों के लिए वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक मंत्र था। इस दौरान शैलेश अग्रवाल, लोकेश पैकरा, बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, सत्यनारायण सिंह, शशिकांत गर्ग, अजय अग्रवाल, संत सिंह, कलेक्टर एस जयवर्धन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### नपं में किया गया वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण

**लखनपुर।** नगर पंचायत परिसर में दूरदर्शन पर प्रसारित राष्ट्रव्यापी लाइव कार्यक्रम का सामूहिक रूप से अवलोकन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्षभर चलने वाले विशेष समारोह की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान पीएम ने अपने संदेश में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, पार्षद समीम खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, दिनेश कुमार, चंद्रशेखर चौधरी, श्रीमती माला ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### 150वीं वर्षगांठ पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन

**.वाड्रफनगर।** वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह स्वंतत्रता आंदोलन का प्राण स्वर रहा है तथा असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की। सहायक प्राध्यापक डॉ.तोयाज शुक्ल ने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के साहित्यिक योगदान तथा इसके सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना से जुड़े पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## सोनपुर पंचायत के बरपानी पहुंचे पीएचई के एसडीओ, जनपद उपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी**

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर के बरपानी में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं होने तथा नाला के गंदा पानी पीने को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ प्रशासन हरकत में आई बल्कि ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज विधायक, सांसद एवं कलेक्टर के निर्देश पर पीएचई विभाग के अधिकारी सहित जनपद उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि गांव पहुचे । ग्रामीणों ने अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से गांव में एक हैंडपंप खनन कराने सहित अन्य मांग की।

आदिवासी सुदूर अंचल में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, कलेक्टर राजेंद्र कटारा द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पीएचई के एसडीओ को तत्काल ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होने के निर्देश दिए। निर्देश पर अमल करते हुए आज पीएचई विभाग के एसडीओ केरकेट्टा, जनपद पंचायत जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी सोनपुर ग्राम पंचायत के बरपानी पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याएं सूनी। ग्रामीणों ने बताया गया कि आज आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी हम लोगों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीण काफी परेशान है। सड़क की समस्या का हल प्रधान मंत्री जन मन योजना के तहत हल हो गई है। बोर मशीन आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है। गिट्टी से भरे हाईवा इस सड़क में आना जाना करते है। ग्रामीणों ने गांव में एक हैंडपंप खनन करवाने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने छोटे छोटे बच्चों के पढ़ने के लिए 5 साल से अधूरे पड़े आंगनवाड़ी भवन को पूर्ण करने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा आंगनवाड़ी की राशि निकालकर गमन कर दिया गया है जिससे आज तक आंगनबाड़ी भवन अधूरा है। जिस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ श्री केरकेट्टा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर तत्काल एक दो दिन के भीतर विभाग की ओर से एक बोर खनन कराने की बात कही।

## एसईसीएल प्रबंधन व प्रशासनिक अमले की उपस्थिति में ग्रामीणों से चर्चा, अमेरा खदान में कार्य पुनः शुरू

- अमेरा खदान के परसोढ़ीकला गांव में चल रहा विस्तार कार्य



**बिश्रामपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लॉक में संचालित एसईसीएल बिश्रामपुर की अमेरा खुली खदान परियोजना को पांच माह बाद एक बार फिर शुरू करा लेने में क्षेत्रीय प्रबंधन ने सफलता अर्जित की है।बता दें कि अमेरा खदान का परसोढ़ी कला गांव में विस्तार की कवायद लंबे समय से जारी है,गांव की 473 एकड़ भूमि का एसईसीएल प्रबंधन ने वर्षों पूर्व अधिग्रहण किया है जिसमें 236 प्रभावित भू स्वामियों को घटते क्रम में नौकरी देना प्रस्तावित है।प्रबंधन पिछले छह माह से गांव की शासकीय भूमि जो अधिग्रहित है उससे कोयला निकालने भू सतह की मिट्टी हटाने जब काम शुरू करती है, तब सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाठी डंडे के साथ विवाद करने उपस्थित हो जाते है, पिछले 8 माह में कई बार ग्रामीण और प्रबंधन के अधिकारियों ठेकेदार का आमना सामना हो जा रहा है,छह माह पूर्व भी कोयला सैंपलिंग के दौरान प्रबंधन के अधिकारी पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था,अभी करीब एक माह पूर्व भी सैकड़ों महिला पुरुषों ने पीसी मशीन जो कोल फेस तक पहुंचने कच्ची सड़क निर्माण कर रहे ऑपरेटर और ठेका कंपनी के मैनेजर से मारपीट कर पीसी मशीन सहित कई वाहनों में पथराव कर तोड़फोड़ कर दिया था।घटना के बाद प्रबंधन ग्रामीणों से लगातार संवाद का प्रयास कर रही थी।आज शुक्रवार को प्रशासनिक अमले व पुलिस की उपस्थिति में गांव के ग्रामीणों के साथ खदान परिसर में चर्चा कर समझाइश के साथ खदान को पुनः शुरू करा लिया गया है,एसडीएम श्री नेताम,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह सहित सैकड़ों जवान राजस्व अमले के तहसीलदार आरआई की उपस्थिति में प्रबंधन की तरफ से महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह,सब एरिया मैनेजर अमेरा ओमप्रकाश अटल ने ग्रामीणों से चर्चा कर सहमति बनाई,प्रबंधन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि अधिग्रहित भूमि पर नौकरी और मुआवजे की प्रक्रिया तीव्र गति से जारी है,प्रबंधन फिलहाल शासकीय भूमि से कोयला उत्खनन करेगी धान की फसल को बिना नुकसान पहुंचाए कोयला उत्पादन किया जाएगा,धान की फसल कट जाने के बाद प्रबंधन अधिग्रहित भूमि से कोयला निकलना शुरू करेगी,प्रबंधन के साथ हुईं चर्चा के बाद सहमति बनते ही अमेरा खदान को 5 माह बाद फिर से शुरू करा लिया गया है।बता दें कि भूमि विवाद के चलते आमगांव व अमेरा दोनों खदानों के बाधित रहने से क्षेत्र का कोयला उत्पादन लक्ष्य बड़े स्तर में प्रभावित हो रहा था।

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS, BILASPUR (C.G.)
LCIT SCHOOL OF PHARMACY II LCIT COLLEGE OF PHARMACY
lcitsop.edu.in | Near High Court Raipur Road, Bilaspur, Chhattisgarh | lcitcop.edu.in
FOR ENQUIRY
APPROVED BY
Choose The Best
CHOOSE LCIT
ADMISSION OPEN 2025-26
PHARMACY
D. Pharmacy
B. Pharmacy
M. Pharmacy
Pharmaceutics
9340512388
"Golden opportunity for 12th pass (PCM/PCB) students: Admissions open for Diploma in Pharmacy"

2nd Phase Pharmacy College Level Online Counselling Schedule

| Course | Phase | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|---|
| B.Pharmacy, B.Pharmacy (Lateral) | Phase-II | 07/11/2025 to 10/11/2025 | 15/11/2025 | 16/11/2025 to 19/11/2025 |
| D.Pharmacy, M.Pharmacy | College Level Counseling | 21/11/2025 to 25/11/2025 | - | 01/12/2025 to 05/12/2025 |

Details of Management Quota Seats for 2025-26

| Course | No. of Management Quota Seats Available |
|---|---|
| D.Pharmacy | 09 Seats |
| B.Pharmacy | 15 Seats |
| M.Pharmacy | 01 Seat |

Best Placements in the Region
From Campus to Corporate, your journey starts here.
- 60% Overall Placement Rate
- 100% Student Satisfaction
- Library with e-journals & Digital Resources
- Placement Cell for Job Opportunities
- MOU's with Pharma Companies
- Well-equipped Laboratories

8 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE

Placement Stars of the Year
Shivaji Rao Bhonsle – Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Khushboo Agrawal – Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Saket Ruben Chand – Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd – B. Pharmacy
Khushi Gupta – Company Name:- SGS Technologies/Intelipaat – B. Pharmacy
Neeraj Soni – Company Name:- Apollo Pharmacy – B. Pharmacy
Tomesh Shrivas – Company Name:- Cadila Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Nikhil Vaishnav – Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Sandhya Kumari – Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Bharti Shrivas – Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd – B. Pharmacy
Kishan Barekar – Company Name:- Mark Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Avinash Pal – Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Ritik Rajak – Company Name:- Biogen Serums Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Aakash Kaushik – Company Name:- GoAppliv Wellness Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Prakhar Pandey – Company Name - Pratham Hospital, Bilaspur – B. Pharmacy
Hitendra Patel – Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd – B. Pharmacy
Ritika Thakur – Company Name:- AIDER Healthcare Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Bhavan Singh – Company Name:- Collabera Technologies Pvt. Ltd. – B. Pharmacy
Niranjan Bhagat – Company Name:- Zydus Healthcare Ltd. – B. Pharmacy

Trusted Partnerships with:
Fitwel Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ahmedabad Gujarat II GOA- Center for Excellence in Intellectual Property, Panaji, Goa
Pratham Hospital, Bilaspur II Mark Hospital Bilaspur II IMAEC Medntec Ltd. Pune II Life Care Hospital, Bilaspur
Shri Govind Institute of Life Care Hospital, Bilaspur.
Admission Enquiry +91 9340512388, +91 7440217555

## खबर संक्षेप

### बिलाईगढ़ महाविद्यालय में गाया गया वंदे मातरम

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 नवंबर को वंदे मातरम 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर वंदे मातरम का गायन किया गया। उसके बाद एनएसएस के बच्चों ने स्वच्छ संकल्प अभियान 15 अक्टूबर से 19 नवंबर को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय परिसर में उगे घास की साफ सफाई किया कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर उमाकांत मिश्र के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम में एनएसएस के 70 स्वयं सेवकों ने भाग लिया वंदे मातरम गायन के दौरान वंदे मातरम कार्यक्रम के प्रभारी पंकज साहू सहायक प्राध्यापक सुनीता विक्रम कोसले उमाशंकर भारद्वाज अन्नू सहित महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता व समस्त अधिकारी कर्मचारी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### ऑक्सीजोन का नाम सिंदूर पार्क रखने की पहल

**रायगढ़।** महापौर जीवर्धन इतवारी बाजार में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन का नामकरण सिंदूर पार्क के नाम से रखने कलेक्टर को प्रस्ताव भेजेंगे। महापौर ने कहा इस पार्क की स्थापना का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली विस्तार एवं स्वच्छ वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सिंदूर के उल्लेख मात्र से मानव जीवन में आशा और समर्पण भाव का संचार होता है। इस नामकरण से ऑपरेशन सिंदूर की भावना को जहां सम्मान मिलेगा वही नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भाव उत्पन्न होगा। जीवर्धन ने आशा जताते हुए कहा सिंदूर पार्क के नामकरण से पार्क की पहचान प्रेरणादायक बनेगी तथा यह नगर की हरियाली और स्वच्छता अभियान का प्रतीक बनकर उभरेगा।

### पारंपरिक रौनक के साथ मनाया बोइत बंधन उत्सव

**राउरकेला।** ओडिशा की गौरवशाली संस्कृति और परंपरा को संजोए रखने के उद्देश्य से इस्पात नगरी राउरकेला के विभिन्न इलाकों में मंगलवार शाम बोइत बंधन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दस दौरान सांस्कृतिक परिषदों की ओर से आकर्षक सांस्कृतिक संध्या और संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । उत्सव में जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र, पूर्व मंत्री सुरेश चंद्र राउतराय, आरएसपी के निदेशक आलोक वर्मा, विधायक सारवा प्रसाद नायक और सौभिक बिश्वाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

### डेढ़ महीने से मुंबई में पड़ी है श्रमिक की लाश

**सुंदरगढ़।** बालीशंकरा ब्लॉक के भुखनपाड़ा निवासी गोपीनाथ धरुआ की लाश पिछले डेढ़ महीने से मुंबई में पड़ी है। रोजी रोटी की तलाश में गोवा गए गोपीनाथ की मौत की खबर 24 सितंबर को मिली थी, जब मुंबई पुलिस ने पुराना बस स्टैंड इलाके में उसका शव रक्तरंजित हालत में पाए जाने की सूचना दी। आर्थिक तंगी के कारण परिवार शव लाने में असमर्थ था। लगातार गुहार लगाने के बाद आखिरकार श्रम विभाग ने पहल की। मंगलवार को विभागीय टीम गोपीनाथ के घर पहुंची और शव लाने के लिए मुंबई रवाना की गई। गोपीनाथ अपने माता पिता, पत्नी, छह वर्षीय बेटी और एक विवाहित बहन के साथ रहते थे।

## लागत ज्यादा लेकिन पर्यावरण को कम होगा नुकसान

# भूमिगत खनन से जंगल और आजीविका रहेगी सुरक्षित

**रायगढ़।** ऊर्जा जरूरतों के तेजी से बढ़ते दायरे को देखते हुए कोयला उत्पादन की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। लेकिन, इस आवश्यकता के साथ-साथ पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की चिंताएँ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। इन्हीं दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए कोयला मंत्रालय ने भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह तकनीक न केवल पर्यावरणीय रूप से स्वच्छ है, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका और वनोपज जैसे संसाधनों को भी सुरक्षित रखती है।

- पर्यावरण और ग्रामीण जीवन के बीच संतुलन को बढ़ावा देने होना चाहिए भूमिगत खनन

**ऊपरी सतह और वन क्षेत्र को नुकसान नहीं-**स्थानीय निवासियों के बीच अक्सर यह आशंका रहती है कि खनन के कारण जंगल खत्म हो जाएँगे, महुआ और अन्य वनोपज घट जाएँगे, या हाथियों की आवाजाही प्रभावित होगी। लेकिन, विशेषज्ञों का कहना है कि भूमिगत खनन इन चिंताओं से पूरी तरह मुक्त है। यह प्रक्रिया ज़मीन के नीचे 500 से 2000 फीट की गहराई में होती है, जिससे ऊपरी सतह पर किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता। वन क्षेत्र और जैव विविधता पर इसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। ग्रामीणों को विस्थापित भी नहीं होना पड़ता है, जिससे उनका सामाजिक और सांस्कृतिक ताना-बाना सुरक्षित रहता है।

**कृषि भूमि भी यथावत और वनोपज सुरक्षित-** वनोपज संग्रहण और कृषि भूमि की दृष्टि से भी यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित है। भूमिगत खनन में भूमि की ऊपरी सतह पर किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं की जाती है, जिससे महुआ, तेंदूपत्ता और अन्य वनोपजों का प्राकृतिक चक्र प्रभावित नहीं होता।कृषि भूमि यथावत बनी रहती है और किसानों की परंपरागत खेती पर कोई असर नहीं पड़ता।

**1000 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार-** ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन के नजरिए से देखें, तो भूमिगत



खनन का सीधा सकारात्मक असर दिखाई देता है।इस प्रक्रिया से 1000 से अधिक कुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम पंचायतों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी प्राथमिकता दी जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में भूमिगत खदानों से उत्पादन बढ़ने पर खुले खनन (ओपन कास्ट माइनिंग) की आवश्यकता कम होगी। इससे भूमि विस्थापन जैसी समस्याएँ घटेंगी और पर्यावरणीय क्षति भी काफी हद तक रोकी जा सकेगी। साथ ही, यह पहल भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुरूप एक दीर्घकालिक समाधान साबित हो सकती है, जो ऊर्जा आत्मनिर्भरता और सतत विकास दोनों को एक साथ आगे बढ़ाती है। भूमिगत कोयला खनन न केवल भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि यह ग्रामीण भारत के विश्वास, जीवन और पर्यावरणीय संतुलन को भी मजबूती से संजोए रखेगा। यही इस नई खनन नीति की असली ताकत भी हैः विकास भी और संरक्षण भी।

### ओपनकास्ट कोयला खदान के हानिकारक प्रभाव

- बड़े पैमाने पर भूमि विनाश
- वन और वन्यजीव आवास का नष्ट होना
- भारी विस्थापन और सामाजिक प्रभाव
- बहुत अधिक धूल प्रदूषण
- ब्लास्टिंग से शोर और कंपन प्रदूषण
- भूजल स्तर में भारी गिरावट
- खदान का गंदा पानी, स्लरी
- बड़े-बड़े डंप और लैंडस्केप का नष्ट होना
- वाहनों, मशीनों से डीजल उत्सर्जन और प्रदूषण
- बड़े पैमाने पर मिट्टी और टॉप-सॉयल का नुकसान
- सतह पर खुले कोयले से आग लगना
- माइक्रो-क्लाइमेट में बदलाव

### अंडरग्राउंड कोयला खदान, जंगल को नहीं होगा नुकसान

- सतह पर भूमि की कम आवश्यकता
- जंगल, पेड़-पौधे और जैव-विविधता का कम नुकसान
- स्थानीय आबादी का विस्थापन न्यूनतम
- सतह पर धूल और शोर कम
- खदान बंद होने के बाद भूमि का पुनः उपयोग आसान
- खुली मिट्टी/ओवरबर्डन डंप नहीं बनते
- दृश्य प्रदूषण कम



## गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के भौतिक प्रगति की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर के सभा कक्ष में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के भौतिक प्रगति के संबंध में विकासखंड स्तर पर संचालित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों हेतु एक दिवसीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जशपुर अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार व जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सुचारू रूप से संचालन व क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी.एस. जात्रा एवं राजीव रंजन मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समय-समय पर जिला एवं विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग के साथ ही जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में यह बैठक रखी गई। बैठक में एन.सी.डी. कार्यक्रम अंतर्गत समाहित सूचकांको, गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर, ओरल, ब्रेस्ट व सरवाईकल से ग्रसित रोगियों के पंजीयन, स्क्रीनिंग, रि-स्क्रीनिंग, जॉच, परीक्षण, उपचार व फॉलोअप के साथ कार्ड निर्माण हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप न्यूनतम प्रगति प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों के आर.एच.ओ. व सी.एच.ओ. की समीक्षा की गई तथा लक्ष्य अनुरूप प्रगति प्राप्त करने के लिए कार्ययोजना निर्माण कर शेष लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित किया गया। समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट प्रर्दशन वाले स्वास्थ्य संस्थानों के जे.एस.ए., आर.एच.ओ., सी.एच. ओ. को निरंतर लक्ष्य अनुरूप प्रगति प्राप्त करने के लिए समस्त विकासखंड से एक-एक उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले कुल 8 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुलदुला में कार्यक्रम के तहत कार्यरत 1 कनिष्क सचिवीय सहायक को एन.सी.डी. पोर्टल में एंट्री सहित मॉनिटरिंग, रिर्पोटिंग में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बैठक के सफल आयोजन में कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी, जिला सलाहकार, एन.सी.डी., जिला डाटा प्रबंधक, एन.एच.एम. व अन्य सहयोगी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**राउरकेला में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर भव्य आयोजन**

## देशभक्ति एकता व साहस का प्रतीक है वंदे मातरम : ओराम

**राउरकेला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में वंदे मातरम राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर देश के 150 चयनित स्थलों में ओडिशा के पांच स्थलों में से एक राउरकेला भी शामिल रहा। राउरकेला के सेक्टर 5 स्थित आमबागान चौक के निकट अटल उद्यान में भारतीय जनता पार्टी, राउरकेला संगठनात्मक जिला इकाई की ओर से यह भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुंदरगढ़ सांसद एवं केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मारतम गायन से हुई, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वंदे मारतम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देशभक्ति, साहस, एकता और राष्ट्रप्रेम का अमर प्रतीक है। उन्होंने बताया कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवंबर 1875 को रचित यह गीत 1882 में आनंदमठ पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने भारतीयों में अदम्य जोश और एकजुटता की भावना पैदा की। मुख्य वक्ता राज्य कार्यकारिणी सदस्य बेहेरा ने वंदे मारतम की ऐतिहासिक यात्रा और स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं जिला प्रवक्ता ने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता



सेनानियों का प्रमुख नारा रहा, जिसने देश को एक सूत्र में बाँधा। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ने किया, जबकि संयोजक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश अग्रवाल समेत कार्यकर्ता, जिला एवं बूथ स्तर के सदस्य और बड़ी संख्या में आम नागरिक तिरंगा ध्वज लेकर उपस्थित रहे। पूरा वातावरण वंदे मारतम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा जिसने यह संदेश दिया कि वंदे मातरम की भावना आज भी भारतीय जनमानस में उतनी ही जीवंत है जितनी स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में थी।

### धनसीर स्कूल में वन्दे मातरम का किया गायन

**बिलाईगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनसीर में राष्ट्रीय गीत वंन्दे मातरम का गायन तथा भारत स्काउट्स एवं गाईड्स का स्थापना दिवस बड़े उत्साहपूर्वक ढंग से संस्था प्राचार्य टीआर सिदार की अध्यक्षता में विद्यालय प्रांगण में आयोजित की गई। राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की रचना आज से 150 वर्ष पूर्व बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा 1870 के दशक में की गई थी, जिसका 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत के सम्मान में छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं विद्यालयों में सामूहिक गायन आयोजित किए जाने का निर्देश था, उसी परिप्रेक्ष्य में धनसीर स्कूल में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर की गईए पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता नरेन्द्र साहू द्वारा सारगर्भित उदबोधन प्रस्तुत किया गया। श्री साहू ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के इतिहास की जानकारी दी।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धा भक्ति, उल्लास का माहौल, सैकड़ों ने लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान व दीपदान की परंपरा का निर्वहन करने महानदी तथा सरोवरों पर ब्रह्म मुहूर्त से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। शीतल जल की गहराई में उतरकर ठंड में सभी ने न केवल डुबकी लगाई बल्कि, दीपदान के साथ पूजा अर्चना की। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पोरथ धाम चित्रोत्पला गंगा घाट पर मेले का माहौल देखा गया। आज बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा का सबसे बड़ा मेला सरिया में पोरथ धाम महानदी तट पर लगा देखा गया। पुन्नी स्नान के लिए सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु पोरथ धाम में महानदी के घाट पर पहुंच रहे थे।

सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल पोरथ धाम में हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पुन्नी स्नान कर पूजा अर्चना की। यहां स्वयंभू कपिलेश्वर शिव मंदिर में जलाभिषेक और पूजा पाठ करने से पूर्व श्रद्धालुओं ने महानदी में डुबकी लगाई और आस्था के दीप प्रवाहित किया। आस्था के केंद्र पोरथधाम में इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सारंगढ़ बिलाईगढ़ व रायगढ़ जिले के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंचे थे। इसके अलावा सरहदी प्रांत उड़ीसा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आए थे। उड़िया बाहुल्य क्षेत्र



होने के कारण कार्तिक चतुर्दशी को पूरे अंचल में आंवला चतुर्दशी के रूप में मनाया गया। गांव गांव में पूजा अर्चना की गई और रात्रि में भंडारा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन के साथ रतजगा किया और 5 नवंबर की सुबह 4 बजे पुन्नी स्नान कर पूजा अर्चना करते हुए हर हर महादेव के साथ हर हर गंगे का उद्घोष करते हुए आस्था के दीप जलाए। श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को जल अर्पण कर सुख और समृद्धि की कामना की। लोगों ने घाट पर दान पुण्य के साथ कार्तिक मास पर्यंत पूजन अनुष्ठान का भी पारण कर वर्ष भर के लिए श्री और समृद्धि की कामना की। वहीं महिला श्रद्धालुओं ने महीने भर कार्तिक स्नान के बाद सामूहिक रूप से महा आरती कर भगवान भोलेनाथ से विश्व कल्याण की कामना करते हुए पूजा पाठ किया।

## स्व. षडंगी की स्मृति में खंड स्तरीय रंगोली स्पर्धा का आयोजन

**पुसौर।** प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर नगर पंचायत पुसौर के हटरी चौक में स्व. विजय षडंगी के स्मृति में खंड स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। बीते कार्तिक पूर्णिमा के दिन आयोजित यह कार्यक्रम का 21 वां साल था। पुसौर क्षेत्र में नगर उपाध्यक्ष उमेश साव एवं रामलीला समिति अध्यक्ष बैकुंठ गुप्ता व उनके साथियों ने इसका काफी प्रचार प्रसार किया।

कार्यक्रम में 123 जूनियर और 40 सीनियर प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें पुसौर के आसपास के दर्जनों गांव की महिलाएं व बालिकाएं शामिल रहे। रथदांड परिसर में सभी प्रतिभागियों



के लिए जगह सुरक्षित रखा जहां अपनी अपनी रंगोली के जरिए कलाकृति बनाई। इस बीच लाइटिंग एवं मधुर संगीत चल रहा था और लोग प्रतिभागियों के कला का मुआयना कर रहे थे। अंत में निर्णायक मण्डल में रहे आदर्श एवं अभिनव स्कूल के शिक्षिका मोनिका शर्मा, प्रीति गुप्ता, कामिनी शर्मा, मंजु गुप्ता, पुजा गुप्ता, सुनिता गुप्ता तथा हेमा पटेल ने बनाए गए समूचे रंगोलीयों को देखा और जांच किया। जिसमें सीनियर एवं जूनियर दोनों का चयन किया गया। जूनियर में प्रथम पुरस्कार बिन्दु चौहान, द्वितीय वर्षा नंदे, तृतीय प्रिसि चौहान इसी तरह सीनियर में प्रथम पुरस्कार ज्योति पाण्डे, द्वितीय निलम दास तथा तृतीय अंजु पटेल शामिल रहे। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, मुख्य अतिथि डा. रीना नायक, विशिष्ट अतिथि बीएमओ डा. विनोद नायक, पूर्व अध्यक्ष किशोर कसेर, पूर्व अध्यक्ष रितेश थवाईत रामेश्वर पटेल, वरूण देव महाणा, मंजु निराकार पटेल, सुरेश महाणा निलांचल महाणा, नरेश दास, शौकीलाल चौहान, भरत षडंगी, संतोष यादव, रूपेश साव सहित समस्त पार्षद व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस के साथ मनाई गई एनटीपीसी की स्वर्ण जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा परियोजना में एनटीपीसी का स्थापना दिवस एवं स्वर्ण जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ 7 नवम्बर को मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर में एनटीपीसी ध्वजारोहण किया गया।

इस मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कुमार ने एनटीपीसी एवं लारा स्टेशन की उपलब्धियों को याद करते हुए दिनो दिन लारा परियोजना की बेहतर होती हुई मानदंडों के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई दी एवं इस को आगे बरकरार रखते हुए और वेहतर कार्य कुशलताओं को हासिल करने के लिए आग्रह किया। इस वित्त वर्ष में आजतक लारा स्टेशन द्वारा प्लांट लोड के मामलों में एनटीपीसी में 4थी नंबर पर है। पर अनिल कुमार ने यह भरोसा दिलाया की वित्त वर्ष की अंत तक लारा परियोजना नंबर 1 स्थान हासिल करेगी। साथ ही लारा की इकाई 2,800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल इकाई श्रेणी में लगातार 488 दिनोतक प्रचालन पर रहते हुए अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड बनाया है। श्री कुमार ने लारा परियोजना द्वारा बिजली उत्पादन के अतिरिक्त नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किए जा रहे सामाजिक कार्यो का भी जिक्र किया। इस अवसर को यादगार करने के लिए सभी महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, कर्मचारियों एवं सीआईएसएफ के उप कमांडेंट एवं जवानों की उपस्थिति में केक काटा गया। इसके उपरांत सभी कर्मचारियों द्वारा नैगम कार्यालय से गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी लिमिटेड का संबोधन का सीधा प्रसारण को देखा गया।

## पेज 1 का शेष

### 9 माह में जर्जर ...

सड़क के भ्रष्टाचार की पोल खुल गई। इस मामले को लेकर खबर प्रकाशन हुआ तो अधिकारियों की फटकार के बाद फिर से ठेकेदार लीपापोती कर अति जर्जर स्थानों में डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस बात से नाराज ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त सड़कों पर भारी वाहनों के आवागमन भी नहीं होता है केवल पालतु मवेशियों का आना जाना होता है। मवेशियों के आने-जाने मात्र से उनके पैर के खुर से सड़कें जर्जर हो गई ।

### स्टाल आयुष चिकित्सा...

जतन क्लीनिक योजना, राष्ट्रीय कार्यक्रम वयोमित्र, एनीमिया, कुपोषण, ऑस्टियो आर्थराइटिस व मस्कुलो स्क्लेटल डिसआर्डर, आयुर्विद्या, हाट बाजार, आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट, जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर एवं विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गई। विभाग की ओर से आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक संबंधित ब्रोशर जैसे प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त आयुष संस्थाओं में किए जा रहे पंचकर्म सुविधा कटिवस्ति, नस्य, सर्वांग स्वेद, शिरोधारा का लाईव डिमांस्ट्रेशन किया गया। जिसकी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्टाल निरीक्षण के दौरान सराहना की। राज्योत्सव में आयुष विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के कार्य संपादन प्रभारी डा. एल.आर. भगत, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, सहायक प्रभारी डॉ हरिकृष्ण श्रीवास, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ दीपक एक्का विशेषज्ञ चिकित्सक, डा. शशि भूषण सिंह होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, डा. निकिता मिंज, डा. ऋतंभरा प्रज्ञा पैकरा, डॉ. पूजा भगत, डॉ. रंजीत गुरू, डॉ. कपिल श्रीवास्तव, डॉ. अक्षय साहू, शरद साहू, सुशील भगत सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शादी का झांसा ...

थाना बगीचा क्षेत्र में आता है, जिस पर मामला बीएनएस की धारा 69 के तहत दर्ज कर अपराध क्रमांक 233/2025 के रूप में बगीचा थाने में हस्तांतरित किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला सरगुजा क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। इसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक गौरव कुमार पांडेय, सहायक उपनिरीक्षक उमेश प्रभाकर, आरक्षक सुनील मिंज, मुकेश पांडेय एवं नगर सैनिक विनोद कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आवागमन को सुगम ...

पहुंच आसान होगी। इससे जिले की तस्वीर तेजी से बदलेगी और यह क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। जिले में दो उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण पूर्णता की ओर हैं, जबकि तीन कार्य प्रगतिरत हैं। इन प्रगतिरत कार्यों में केराकोना से बैगाटोली मार्ग पर ईब नदी में 6 करोड़ 06 लाख 91 हजार की लागत के 132 मीटर लंबी पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार चलनी से परसाडीपा मार्ग पर पौरी नदी में 3 करोड़ 14 लाख 24 हजार लागत के 63 मीटर लंबी उच्चस्तरीय पुल व पहुंच मार्ग और अलोरी-मतलोंगा मार्ग में ईब नदी पर 4 करोड़ 2 लाख 81 हजार लागत के 90 मीटर लंबी उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं आवागमन की सुगमता के लिए 49.93 लाख रुपए लागत से ईब नदी पर निर्मित दो उच्चस्तरीय पुलों का मरम्मत कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।







